Bachelor of Arts

Hindi-1

(DBAPCO106H24)

Self-Learning Material

(SEM I)

Jaipur National University

Centre for Distance and Online Education

Established by Government of Rajasthan
Approved by UGC under Sec 2(f) of UGC ACT 1956
&
NAAC A+ Accredited

अनुक्रमणिका

पाठ्यक्रम परिचय	(i)
इकाई 1 हिंदी ध्वनियों का स्वरूप एवं विकास (व्याकरण)	01 – 25
इकाई 2 साहित्यिक खण्ड	26 – 60
इकाई 3 हिंदी भाषा का विकास	61– 68
इकाई 4 लेखन कौशल	69 – 78

EXPERT COMMITTEE विशेषज्ञ समिति

Prof. Rita Arora
Department of Humanities
JNU, Jaipur

Prof. Anshu Bhatia
Department of Humanities
JNU, Jaipur

COURSE CORRDINATOR पाठ्यक्रम समन्वयक

Dr. Renu Sharma
Department of Humanities
JNU, Jaipur

UNIT PREPARATION इकाई तैयारी

Unit Writers	**Assisting & Prof Reading**	**Unit Editor**
Dr. Renu Sharma Department of Humanities JNU, Jaipur (Unit 1 – 2) Dr. Vishnu Sharma Department of Humanities JNU, Jaipur (Unit 3 – 4)	Dr. Grishma Shukla Department of Humanities JNU, Jaipur	Dr. Renu Sharma Department of Humanities JNU, Jaipur

Secretarial Assistance:

Mr. Shubham

COURSE INTRODUCTION पाठ्यक्रम परिचय

हिंदीभारत में संचार की एक प्राथमिक भाषा और ,आर्यन समूह का हिस्सा-यूरोपीय भाषा परिवार के भीतर इंडो-इंडो , दक्षिण एशिया में एक प्रमुख सांस्कृतिक घटक है। हिंदी में विभिन्नप्रकार की ध्वनियाँ हैं जिनमें ,स्वरछोटे और : ,अनुनासिक स्वर ,लंबे स्वरव्यंजन महाप्राण और अनाप्राणित व्यंजन के लिए विशिष्ट ध्वनियाँ तथा लिंग पुल्लिंग) (या स्त्रीलिंग, संख्या के लिए विभक्ति (वाचिक ,तिरछा ,प्रत्यक्ष) और केस (एकवचन या बहुवचन)शामिल हैं। हिंदी व्याकरण लिंगवाचक संज्ञाओं ,पूर्वसर्गों के स्थान पर उपसर्गों और विषय-वस्तु-क्रिया शब्द क्रम का उपयोग करता है।

पाठ्यक्रम में 4 इकाइयाँ हैं। प्रत्येक इकाई में एक उपविषय विखंडन होता है। जो छात्र इकाइयां पूरी कर लेंगे उन्हें हिंदी भाषा की गहन समझ होगी।

प्रत्येक इकाई के अंदर अनुभाग और उप-खंड होते हैं। प्रत्येक इकाई उद्देश्यों के एक विवरण के साथ शुरू होती है जो उन लक्ष्यों की रूपरेखा प्रस्तुत करती है जिन्हें हम आशा करते हैं कि आप पूरा करेंगे। इकाई के प्रत्येक खंड में कई कार्य हैं जिन्हें आपको पूरा करने की आवश्यकता है। इकाई के अंत में ,आपको अपने उत्तरों की तुलना हमारे उत्तरों से करनी चाहिए।

एक असाइनमेंट इस पाठ्यक्रम पर आधारित होगा। आपको पूरा किया हुआ असाइनमेंट उस अध्ययन केंद्र समन्वयक को ईमेल करना होगा जिसे आपको सौंपा गया था। मूल्यांकन के बादआपको टिप्पणियो ,ं के साथ असाइनमेंट वापस मिलता है जो आपको एक बेहतर विद्यार्थी बनने में मदद करेगा।

हम कामना करते हैं कि आप पाठ्यक्रम का आनंद लें। कृपया इकाइयों में शामिल सभी अभ्यासों और गतिविधियों को आज़माएँ। हमें यकीन है कि यदि आप इसका अनुसरण करेंगे तो आप हिंदी भाषा में बेहतर हो जाएंगे।

Course Outcomes:

1. हिंदी भाषा की विभिन्न विधाओं का अध्ययन में उपयोग कर सकेंगे।
2. हिंदी भाषा के वर्णों का विश्लेषण कर सकेंगे।
3. हिंदी भाषा व्याकरण की व्याहारिक उपयोगिता का मूल्यांकन कर सकेंगे।
4. हिंदी भाषा के उद्भव और विकास का प्रत्यास्मरण कर सकेंगे।
5. हिंदी की लिपियों व बोलियों से अवगत हो सकेंगे।
6. हिंदी भाषा का प्रयोग प्रभावशाली संप्रेषण व लेखन के रूप में कर सकेंगे।

Acknowledgements:

हमने जो सामग्री उपयोग की है वह पूरी तरह से शैक्षिक प्रकृति की है। इस पुस्तक में पुनरुत्पादित सामग्रियों के कॉपीराइट स्वामियों का यथासंभव पता लगाया गया है। संपादक किसी भी उल्लंघन के लिए क्षमा चाहते हैं ,और वे इस पुस्तक के बाद के संस्करणों में ऐसी किसी भी सामग्री को सुधारने में प्रसन्न होंगे।

इकाई 1 व्याकरण
हिंदीध्वनियोंकास्वरूपएवंविकास

• भाषामेंउच्चारणकीसबसेभौतिकईकाइस्वनहैंजिसेध्वनिकेरूपमेंदेखाऔरविश्लेषितकियाजासकताहै।
•
इसकीअवधारणाभाषानिरपेक्षहोतीहै।स्वनियोंकाउच्चरितरूपस्वनकहलातहै।अर्थातजबस्वनिमउच्चरित होतेहैंतोवहीस्वनकहलातेहै।
• ध्वनिशब्दध्वनधातुकेसाथईप्रत्ययजोड़नेसेबनताहैइसकाअर्थहैआवाज।
मानवजबबोलताहैउसकेमुखविवरसेवायुनिकलतीहैजोवागेन्द्रियकेद्वाराकुछवाणीप्रकटकरतीहै।उसीको स्वनअथवाध्वनिकहाजाताहै।स्वनभाषाकामूलआधारहै।औरस्वनचिन्होकेसमूहकानामभाषाहै।स्वनअथ वाध्वनिहीवाणी, वाक, बोलीआदिकेरूपमेंव्यक्तहोतीहै।
•
व्यक्तिकेमुखमेंविविधप्रकारकीध्वनियोंकेउत्पन्नकरनेकीक्षमताहोतीहै।येविविधध्वनियोंमुखसेनिःसृत होनेकेकारणविविधप्रकारकीहोतीहैपरन्तुभाषाविज्ञानकेअन्तर्गतहमसंगीतयाअन्यपशु-
पक्षियोंकीध्वनियोंकाअध्ययननहींकरतेअपितुकेवलउनध्वनियोंकावर्णनकरतेहैंजिनकासम्बन्धभाषासे होताहैं।उन्हीध्वनियोंकावर्गीकरणएवंविश्लेषणकरकेयहदेखनेकाप्रयत्नकरतेहैंकिउननिःसृतध्वनियों केवर्गीकरणकेमूलआधारक्याहै।उनआधारोंपरध्वनियोंकावर्गीकरणकिसप्रकारकियाजासकताहै।
• वर्गीकरणकेआधार
1स्थान
2 प्रयत्न
3 इन्द्रिययाकरण
• स्थानकेआधारपरमुख्यता 8 स्थानऐसेहैंजोध्वनियोंकेउच्चारणकीदृष्टीसेअत्यन्तमहत्वपूर्णहोतेहैं।
1 काकल
2 कण्ठ
3 तालव्य
4 मूर्धन्य
5 वर्त्स
6 दाँत
7. ओष्ठ
8 जिल्ह्या
• प्रयत्नकेआधारपर -
मुखविविरकेभीतरओष्ठसेलेकरकण्ठष्यतकध्वनियातथाकंठ्यकेनीचेध्वनिउच्चारणमेंप्रत्येकव्यक्तिप्र यासकरताहैउसेप्रयत्नकहतेहैंयहाँदोभेटहोतेहै।
1 आभ्यन्तरप्रयत्न
2 वाह्यप्रयत्न
आभ्यन्तरके 5 भेदहोतेहैं।
1. स्पृष्ट
2 ईषत्स्पृष्ट
3. ईषदविवृत्ति
4. विवृत

5. संवृत
वाह्यप्रयत्नके 11 भेद-
• विवार
०सवार
०श्वास
०नाट
घोष
• अघोष
• अत्पप्राण
• महाप्राण
०उदान्त
०अनुदान्त
• स्वरित
करणकेआधारपर -
मुखविवरमेंस्थितउनइन्द्रियोंकोकरणकहतेहैंजोशततगतिशीलरहकरध्वनियोंकेउच्चारणमेंसहायतापहुंचायाकरतीहैंस्थानऔरकरणमेंअन्तरहीयहहैंकिस्थानतोस्थिरएवंचलहोतीहै।
इसदृष्टिसेअधरोष्ठ, जिह्या, कोमलताल, स्वरतन्त्रीकोकरणकहाजासकताहै।
ध्वनिभेद-
ध्वनियोंकेदोभेदमानेजातेहैं
०स्वर
• व्यंजन

प्रश्न अभ्यास

1-स्थानकेआधारध्वनियोंकेउच्चारण ke bhed likhiye?
2- ध्वनिkise कहाजाताहै?

स्वर

वे ध्वनियाँ जिनके उच्चारण में वायु बिना किसी अवरोध के बाहर निकलती है, स्वर कहलाते है।स्वर (Vowels) वर्ण व्याकरण में वर्णों का महत्वपूर्ण भाग होते हैं। स्वर वर्ण वो वर्ण होते हैं जिनमें आवाज केंद्रीय रूप से उत्पन्न होती है, और उनका उच्चारण बिना किसी व्यंजन के किया जा सकता है। स्वर वर्ण शब्दों के मूल ध्वनियों को प्रतिष्ठापित करते हैं और उनके साथ व्यंजन वर्णों का संरचना बनाने में मदद करते हैं।

स्वर वर्ण हिंदी में अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, अः आदि होते हैं

स्वर के भेद

उच्चारण समय या मात्रा के आधार पर स्वरो के तीन भेद है।
ह्रस्व स्वर : – इन्हे मूल स्वर तथा एकमात्रिक स्वर भी कहते है। इनके उच्चारण में सबसे कम समय लगता है। जैसे – अ, इ, उ, ऋ।

दीर्घ स्वर : – इनके उच्चारण में **ह्रस्व** स्वर की अपेक्षा दुगुना समय लगता है अर्थात दो मात्राए लगती है, उसे दीर्घ स्वर कहते है। जैसे – आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ प्लुत स्वर : – संस्कृत में प्लुत को एक तीसरा भेद माना जाता है, पर हिन्दी में इसका प्रयोग नहीं होता जैसे – ओउम् ।
प्रयत्न के आधार पर: – जीभ के प्रयत्न के आधार पर तीन भेद है।
अग्र स्वर : – जिन स्वरों के उच्चारण में जीभ का अगला भाग ऊपर नीचे उठता है, अग्र स्वर कहते है जैसे – इ, ई, ए, ऐ ।
पश्च स्वर : – जिन स्वरों के उच्चारण में जीभ का पिछला भाग सामान्य स्थिति से उठता है, पश्च स्वर कहे जाते जैसे – ओ, उ, ऊ, ओ, औ तथा ऑ ।
मध्य स्वर : – हिन्दी में 'अ' स्वर केन्द्रीय स्वर है। इसके उच्चारण में जीभ का मध्य भाग थोड़ा – सा ऊपर उठता है।
मुखाकृति के आधार पर :
संवृत : – वे स्वर जिनके उच्चारण में मुँह बहुत कम खुलता है। जैसे – इ, ई, उ, ऊ।
अर्द्ध संवृत : – वे स्वर जिनके उच्चारण में मुख संवृत की अपेक्षा कुछ अधिक खुलता है जैसे – ए, ओ ।
विवृत : – जिन स्वरों के उच्चारण में मुख पूरा खुलता है। जैसे – आ ।
अर्द्ध विवृत : – जिन स्वरों के उच्चारण में मुख आधा खुलता है। जैसे – अ, ऐ, औ।
ओष्ठाकृति के आधार पर :
वृताकार : – जिनके उच्चारण में होठो की आकृति वृत के समान बनती है। जैसे – उ, ऊ, ओ, औ ।
अवृताकार : – इनके उच्चारण में होठो की आकृति अवृताकार होती है। जैसे – इ, ई, ए, ऐ ।
उदासीन : – 'अ' स्वर के उच्चारण में होठ उदासीन रहते है।
'ऑ स्वर अंग्रेजी से हिन्दी में आया है।

प्रश्न अभ्यास

1-- मात्रा के आधार पर स्वरो के भेद likhiye.

2-वृताकार tatha अवृताकार swaro me antar bataye.

व्यंजन

व्यंजन (Consonants) वर्ण व्याकरण में वर्णों का एक महत्वपूर्ण भाग होते हैं। ये वर्ण भाषा में ऐसे ध्वनियों को प्रतिष्ठापित करते हैं जिनमें आवाज के उत्पन्न होने के लिए व्यंजन के स्थान पर कोई बाधक नहीं होता। व्यंजन वर्णों के उच्चारण के लिए व्यक्ति को स्वरोंKOसाथजोडNE की आवश्यकता होती है, जैसे कि क, ख, ग, घ, आदि।
व्यंजन वर्ण वह होते हैं जिनमें आवाज व्यंजन के स्थान पर उत्पन्न होता है, और उनके उच्चारण के लिए स्वरों के सहयोग की आवश्यकता होती है। व्यंजन वर्ण हिंदी में क, ख, ग, घ, च, छ, ज, झ, ट, ठ, ड, ढ, त, थ, द, ध, प, फ, ब, भ, म, य, र, ल, व, श, ष, स, ह, क्ष, त्र, ज्ञ आदि होते हैं।

व्यंजन के भेद

स्पर्श : – जिनके उच्चारण में मुख के दो भिन्न अंग – दोनों ओष्ठ, नीचे का ओष्ठ और ऊपर के दांत, जीभ की नोक और दांत आदि एक दूसरे से स्पर्श की स्थिति में हो, वायु उनके स्पर्श करती हुई बाहर आती हो। जैसे : – क्, च्,ट्, त्, प्, वर्गों की प्रथम चार ध्वनियाँ ।

संघर्षी : – जिनके उच्चारण में मुख के दो अवयव एक – दूसरे के निकट आ जाते है और वायु निकलने का मार्ग संकरा हो जाता है तो वायु घर्षण करके निकलती है, उन्हें संघर्षी व्यंजन कहते है। जैसे – ख, ग, ज, फ, श, ष्, स्।
स्पर्श संघर्षी : – जिन व्यंजनों के उच्चारण में पहले स्पर्श फिर घर्षण की स्थिति हो। जैसे – च्, छ, ज, झ्।
नासिक्य : – जिन व्यंजनों के उच्चारण में दात, ओष्ठ, जीभ आदि के स्पर्श के साथ वायु नासिका मार्ग से बाहर आती है। जैसे – ङ, ञ, ण, न, म
पार्श्विक : – जिन व्यंजनो के उच्चारण में मुख के मध्य दो अंगो के मिलने से वायु मार्ग अवरुद्ध होने के बाद होता है। जैसे – ल्।
लुण्ठित : – जिनके उच्चारण में जीभ बेलन की भाँति लपेट खाती है। जैसे – र्।
उत्क्षिप्त : – जिनके उच्चरण में जीभ की नोक झटके से तालु को छूकर वापस आ जाती है, उन्हें उत्क्षिप्त व्यंजन कहते है। जैसे – द्।
अर्द्ध स्वर : – जिन वर्णों का उच्चारण अवरोध के आधार पर स्वर व व्यंजन के बीच का है। जैसे – य्, व्

प्रश्न अभ्यास1-लुण्ठित V उत्क्षिप्त व्यंजनों ME KYA ANTAR HE.

2-व्यंजन और स्वर में अंतर BATAEYE.

संज्ञा

किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, गुण, जाति, भाव, क्रिया, द्रव्य आदि का ज्ञान कराने वाले शब्द या नाम को संज्ञा कहा जाता है। संज्ञा के कारण हम किसी वस्तु, व्यक्ति, स्थान और जाति के बारे में सही जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

उदाहरण–: सीता (व्यक्ति), आगरा (स्थान), पुस्तक (वस्तु), सोना (क्रिया), क्रोधित (भाव) आदि। ये दिए गए सभी नाम संज्ञा है। जिसके कारण हमें किसी के बारे में जानकारी मिलती है।

1- ताजमहल आगरा में स्थित है।

इस वाक्य में आगरा किसी स्थान का नाम है। इसलिए यह संज्ञा है

2- मोहन ने पुस्तक को मेज पर रख दिया।

इस वाक्य में मोहन (किसी व्यक्ति का नाम), पुस्तक (वस्तु), और मेज (वस्तु) संज्ञा का बोध करवाते है।
संज्ञा 3 प्रकार की होती है–:
व्यक्तिवाचक संज्ञा
जातिवाचक संज्ञा(द्रव्यवाचक संज्ञा ,समूहवाचक संज्ञा)
भाववाचक संज्ञा

1)व्यक्तिवचक संज्ञा

जिस शब्द से किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु, स्थान, प्राणी आदि के नाम को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते है। इस संज्ञा में व्यक्तियों के नाम, वस्तुओं के नाम, दिशाओं के नाम, देशों के नाम, समुद्रों के नाम, पुस्तकों के नाम, पर्वतों के नाम, समाचार पत्रों के नाम आदि शामिल होते हैं।
उदहारण- दिल्ली (जगह का नाम), सुभाष चंद्र बोस (किसी विशेष व्यक्ति का नाम), मेज (वस्तु का नाम)।

1- मोहन स्कूल जा रहा है।
इसमें मोहन एक व्यक्ति का नाम है, इसलिए यह व्यक्तिवाचक संज्ञा है।
2- गीता दिल्ली घूमने गई है।
इस वाक्य में गीता एक विशेष व्यक्ति और दिल्ली एक स्थान का नाम है। इसलिए यह व्यक्तिवाचक संज्ञा है।

2) जातिवाचक संज्ञा

जिस शब्द या संज्ञा से किसी एक ही व्यक्ति या वस्तु की पूरी जाति या वर्ग के बारे में जानकारी मिलें, उसे जातिवाचक संज्ञा कहते है। यह संज्ञा किसी एक विशेष की बातें नहीं करती है बल्कि पूरी जाति का बोध करवाती है। इसमें पशु – पक्षियों, प्राकृतिक तत्वों, वस्तुओं तथा किसी काम आदि के वर्ग को शामिल किया जाता है।
उदाहरण- लड़का, नदी, गाड़ी, पर्वत, पेड़ आदि।यह सभी शब्द अपने वर्ग व पूरी जाति का बोध कराते हैं। इसलिए यह जातिवाचक संज्ञा हैं।
1-हमारे देश में अनेक पर्वत है।
इस वाक्य में पर्वत से उसकी पूरी जाति व वर्ग का ज्ञान हो रहा है, इसलिए यह जातिवाचक संज्ञा है।
2-हमारे बगीचे में पेड़ लगे हुए है।
इस वाक्य में पेड़ से सारी जाति और वर्ग का बोध होता है, इसलिए यह जातिवाचक संज्ञा है।
Eske do bhed he -

द्रव्यवाचक संज्ञा

संज्ञा के जिस शब्द से किसी पदार्थ के द्रव्य तथा वस्तु के नाप–तोल का बोध हो उसे द्रव्यवाचक संज्ञा कहते है। इस संज्ञा में वस्तु को गिना नहीं जा सकता है, उसका परिणाम होता है। यह पदार्थ तरल रूप में होता है।
उदाहरण - पानी, लोहा, तेल, घी, दालआदि।
1-नदियों में पानी बहता है।
इस वाक्य में पानी के बहने अर्थात द्रव्य का बोध हो रहा है। इसलिए इस वाक्य में द्रव्यवाचक संज्ञा है।
2- गाड़ी में एक लीटर पेट्रोल डलवा देना।
इस वाक्य में पेट्रोल के नाप तोल का बोध हो रहा है, इसलिए इस वाक्य में द्रव्यवाचक संज्ञा है।

समूहवाचक संज्ञा

संज्ञा के जिस शब्द से किसी समूह का बोध हो तो उसे समूहवाचक संज्ञा कहते है। यह अलग-अलग या एक-एक व्यक्ति का बोध नहीं करवाता।
उदहारण– टीम, सेना, कक्षा,
1- भारतीय सेना देश की रक्षा करती है।
इस वाक्य में सेना से पूरे समूह का बोध होता है, इसलिए इस वाक्य में समूहवाचक संज्ञा है।
2- सभी खिलाड़ियों ने मिलकर एक टीम बना ली है।
इस वाक्य में टीम से खिलाड़ियों के समूह का बोध होता है, इसलिए इस वाक्य में समूहवाचक संज्ञा है।

3) भाववाचक संज्ञा

जिस संज्ञा से किसी व्यक्ति या वस्तु के भाव, गुण, धर्म, भाव और दशा का ज्ञान हो, उसे भाववाचक संज्ञा कहते है। इससे उन सभी की अवस्था का भी पता चलता है। प्रत्येक पदार्थ का धर्म होता है जैसे मिठाई में मिठास, वीरों के वीरता, बच्चों में चंचलता, पानी में शीतलता आदि।
उदाहरण-खुशी, बचपन, कठोर, प्रेम, मिठास आदि के बोध को भाववाचक संज्ञा कहते है।
ताजमहल की सुंदरता का वर्णन करना बहुत ही कठिन है। आम के पक जाने पर वह मिठास से भर जाता है।
इन पंक्तियों में **सुंदरता और मिठास शब्द भाववाचक संज्ञा शब्द के उदाहरण हैं**। क्योंकि ये शब्द भावनाओं और गुण के बोधक शब्द हैं।

प्रश्न अभ्यास
1-**द्रव्यवाचक संज्ञा tatha समूहवाचक संज्ञा me antar spast kare.**
2-**संज्ञा** kise kahte he. Udaharan sahit samjhaeye.

सर्वनाम

संज्ञा के स्थान पर आने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं। जैसे: तुम, हम, आप, उसका, आदि I सर्वनाम 2 शब्दों का योग करके बनता है: सर्व+नाम, इसका यह अर्थ है कि जो नाम शब्द के स्थान पर उपयुक्त होता है उसे सर्वनाम कहते हैं।

उदाहरण: वह मोहन है।
इस वाक्य में'वह' सर्वनामहै। जो व्यक्ति के नाम की जगह पर मौजूद है।

अन्य शब्दों में समझें तो सर्वनाम उन शब्दों को कहा जाता है, जिन शब्दों का प्रयोग संज्ञा अर्थात किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान आदि,के नाम के स्थान पर करते हैं। इसमें मैं, तुम, तुम्हारा, आप, आपका, इस, उस, यह, वह, हम, हमारा ,आदि शब्द आते हैं।
उदाहरण:
मैं लिखना पसंद करती हूँ।
मुझे संगीत बहुत पसंद है।
वह कल माँ के साथ बाजार जाएगी।
उसने मुझे फोन किया था।
मेरे पास एक बुक है।
हम कल मेले जायेंगें।
तुम कौन हो?
यहां बरसात हो रही है।
वहां जाना मना है।
वह फुटबॉल खेल रहा है।
रेखांकित शब्द सर्वनाम है क्योंकि वे संज्ञा के स्थान पर आये हैं।
मूल सर्वनाम कितने होते हैं?
हिंदी के मूल सर्वनाम 11 होते हैं, जैसे-

मैं	वह	क्या
तू	जो	कोई
आप	सो	कुछ
यह	कौन	–

जरूर पढ़ें: उपसर्ग और प्रत्यय

सर्वनाम के भेद
प्रयोग की दृष्टि से देखा जाए तो सर्वनाम के 6 भेद होते हैं, जैसे कि-

पुरुषवाचक सर्वनाम
निश्चयवाचक (संकेतवाचक) सर्वनाम
अनिश्चयवाचक सर्वनाम

संबंधवाचक सर्वनाम
प्रश्नवाचक सर्वनाम
निजवाचक सर्वनाम

पुरुषवाचक सर्वनाम
जो सर्वनाम जो उत्तम पुरुष (बोलने वाले), मध्यम पुरुष (सुनने वाले) और अन्य पुरुष (जिसके बारे में बात की जाये) के लिए आता है, उसे पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे : उसने, वह, मैं, तुम, उस आदि।

उदाहरण : मुझे पता था कि कल तुम घर जाओगी।

पुरुषवाचक सर्वनाम के तीन प्रकार होते है:

उत्तम पुरुष
मध्यम पुरुष
अन्य पुरुष
उत्तम पुरुष

कारक	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	मैं	हम
कर्म	मुझे/ मुझको	हमें /हमको
संबंध	मेरा /मेरे	हमारा/ हमारे
	मेरी	हमारी

मध्यम पुरुष

कारक	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	तू	तुम
कर्म	तुझे /तुझको	तुम्हें/ तुमको
संबंध	तेरा/ तेरे	तुम्हारा
	तेरी	तुम्हारे/ तुम्हारी

अन्य पुरुष

कारक	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	यह /वह	ये / वे
कर्म	इसे / इसको/उसे/उसको	इन्हें /इनको/ उन्हें /उनको
संबंध	इसका/ उसका /इसके /उसके	इनका/ उनका /इनके/उनके
	इसकी / उसकी	इनकी/ उनकी

निश्चयवाचक सर्वनाम
जिस सर्वनाम में पास या दूर किसी व्यक्ति या वस्तु की ओर संकेत का बोध हो वह निश्चयवाचक सर्वनाम कहलाता है। क्योंकि ये संकेत करता है इसलिए इसे संकेतवाचक सर्वनाम भी कहते हैं। जैसे:

यह मेरी पेंसिल है।
यह मीना की ड्रेस है, वह सीता की ड्रेस है।
वह घर बहुत दूर है।
निश्चयवाचक और पुरुषवाचक सर्वनाम में अंतर व समानता
सीता बाजार गयी और उसने पीली फ्रॉक खरीदी।
यह फ्रॉक मेरी है, वह मीना की है।
दोनों वाक्य देखने में लगभग सामान लग रहे होंगे लेकिन इनमें बहुत अंतर है। पहले वाक्य में एक ही व्यक्ति की बात हो रही है इसलिए यह पुरुषवाचक सर्वनाम है लेकिन दूसरे वाक्य में जैसा कि आपको परिभाषा से पता है इसमें दूर और पास या संकेत का भाव प्रकट हो रहा है इसलिए यह निश्चयवाचक सर्वनाम है।

अनिश्चयवाचक सर्वनाम
जिस सर्वनाम से किसी निश्चित व्यक्ति या पदार्थ का बोध नहीं होता हो उसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे :

बाहर कोई है।
मुझे कुछ नहीं मिला।
किसी ने मुझे फोन किया पता नहीं कौन था।
कोई दरवाजा बजाकर चला गया।
सरल शब्दों में कहें तो ऊपर दिए वाक्यों में किसी व्यक्ति या वस्तु के बारे में निश्चित नहीं है कि कौन है, क्या लिया, किसने फोन किया आदि इसलिए यह अनिश्चयवाचक सर्वनाम के उदाहरण हैं। कोई, कुछ, किसी आदि सर्वनाम शब्द आने पर ज्यादातर अनिश्चयवाचक सर्वनाम होता है तो यह ध्यान रखें।

संबंधवाचक सर्वनाम
संज्ञा के स्थान पर आने वाले जिन दो सर्वनाम शब्दों से संबंध का भाव प्रकट होता है उसे संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे:

तुमनें जो कार मांगी थी, यह वही कार है।
तुम जो बोलोगे मैं वैसा ही करूँगा।
प्रश्नवाचक सर्वनाम
Sarvanam in Hindi में अब जानते हैं अगला सर्वनाम का भेद जो है प्रश्नवाचक सर्वनाम। जिन सर्वनाम शब्दों से किसी प्रश्न का बोध होता है उसे उसे प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे:

तुम कौन हो?
तुम्हें क्या चाहिए?
तुम यहां कब आयी?
वहां कौन गिरा था?
यहां क्या रखा है?
निजवाचक सर्वनाम
जो सर्वनाम तीनों पुरुष (उत्तम, मध्यम और अन्य) में अपना होने की अवस्था या भाव या अपनापन; निजता का वह निजवाचक सर्वनाम कहलाते हैं। जैसे:

आप अपना काम खुद कर लेना।
मैं अकेला ही कार साफ़ कर लूंगा।
वह स्वयं स्कूटी से स्कूल चली जाती है।

विशेषण

जिन शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता प्रकट होती हैं उन्हे विशेषण कहते हैं।

विशेषण के प्रयोग से व्यक्ति, वस्तु का यथार्थ स्वरूप तो प्रकट होता ही हैं साथ ही भाषा को प्रभावशीलता भी बढ़ जाते हैं।

विशेषण की परिभाषा :-
जो शब्द संज्ञा (विशेष्य) व सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेषण कहते हैं।

जैसे :- बड़ा लड़का, लाल मिर्च, चार आदमी।

विशेष्य किसे कहते हैं :-
जिन संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताई जाए वे विशेष्य कहलाते हैं।

प्रविशेषण किसे कहते हैं :-
विशेषण शब्द की भी विशेषता बतलाने वाले शब्द 'प्रविशेषण' कहलाते हैं।

उदाहरण से समझिए :-

विशेषण के भेद / प्रकार :-
मूलतः अर्थ की दृष्टि से विशेषण के चार भेद होते हैं :-

1. गुणवाचक विशेषण

2. संख्यावाचक विशेषण

3. परिमाणवाचक विशेषण

4. संकेतवाचक / सार्वनामिक विशेषण

1. गुणवाचक विशेषण किसे कहते हैं
गुणवाचक विशेषण की परिभाषा :-

जो शब्द संज्ञा व सर्वनाम शब्दों के गुण, दोष, रंग, स्वाद, आकार, स्पर्श, समय, दिशा, दशा या अवस्था स्थान का बोध कराते है, गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं।

यथा :-

गुणबोधक :- अच्छा, भला, शिष्ट, सभ्य, नम्र, सुशील, कर्मठ इत्यादि।
दोषबोधक :- बुरा, अशिष्ट, असभ्य, उदंड, दुस्शील, आलसी इत्यादि।
रंगबोधक :- काला, लाल, हरा, पीला, मटमैला, सफेद, चितकबरा आदि।
कालबोधक :- नया, पुराना, ताजा, प्राचीन, नवीन, क्षणिक, क्षणभंगुर इत्यादि।
स्थानबोधक :- भारतीय, चीनी, राजस्थानी, जयपुरी, बिहारी, मद्रासी इत्यादि।
गंधबोधक :- खुशबूदार, सुगंधित, बदबूदार इत्यादि।
दिशाबोधक :- पूर्वी, पश्चिमी, उतरी, दक्षिणी, भीतरी, बाहरी, ऊपरी इत्यादि।
अवस्थाबोधक :- गीला, सुखा, जला हुआ, पिघला हुआ इत्यादि।
दशाबोधक :- रोगी, स्वस्थ, अस्वस्थ, अमीर, बीमार, सुखी, दुखी, गरीब इत्यादि।
आकारबोधक :- मोटा, छोटा, लंबा, पतला, गोल, चपटा, अंडाकार इत्यादि।
स्पर्शबोधक :- कठोर, कोमल, मखमली, मुलायम, चिकना, खुरदरा इत्यादि।
स्वादबोधक :- खट्टा, मीठा, कसैला, नमकीन, चरपरा, कड़ुआ, तीखा इत्यादि।
पुरुषवाचक विशेषण के उदाहरण :-

पुराना कमीज
काला कुता
मीठा आम

2. संख्यावाचक विशेषण किसे कहते हैं
संख्यावाचक विशेषण की परिभाषा :-

जो शब्द संज्ञा व सर्वनाम शब्दों की संख्या का बोध कराते है, उन्हें संख्या वाचक विशेषण कहते हैं। इसमें वस्तुओ की गणना या गिनती होती है।

जैसे :-

मैदान में पांच बच्चे खेल रहे हैं।
कक्षा में कुछ छात्र बैठे हैं।

उक्त उदाहरणों में 'पांच' निश्चित संख्या तथा 'कुछ' अनिश्चित संख्या का बोध होता हैं।

अतः संख्यावाचक विशेषण भेद दो हैं :-

(i) निश्चित संख्यावाचक विशेषण : –

जिन विशेषण शब्दों से निश्चित संख्या का बोध होता हैं। उन्हें निश्चित संख्यावाचक विशेषण कहते हैं।

उदाहरण :-

दस आदमी, पंद्रह लड़के, पचास रुपए इत्यादि।

गणनावाचक :- एक, दो, तीन, चार…..

कर्मवाचक :- पहला, दूसरा, तीसरा, चौथा….

आवृति वाचक :- दुगुना, तिगुना, चौगुना….

समुदाय वाचक :- दोनों, तीनों, चारों…..

(ii) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण :-

जिन विशेषण शब्दों से निश्चित संख्या का बोध न हो उन्हें अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण कहते हैं।

उदाहरण :-

(i) आज भी देश में लाखों लोग भुखमरी के शिकार हैं।

(ii) रेल दुर्घटना मैं सैंकड़ों यात्री घायल हो गए।

(iii) मुझे हजार-दो हजार रुपए दे दो।

3. परिमाणवाचक विशेषण किसे कहते हैं :-
परिमाणवाचक विशेषण की परिभाषा :-

जो शब्द संज्ञा शब्दों के नाप तथा तौल का बोध कराते हैं। उन्हें परिमाण वाचक विशेषण कहते हैं।

इसमें नाप तथा तौल वाली वस्तुएं आती है।

परिमाणवाचक विशेषण के उदाहरण :-

थोड़ा दूध दीजिए, बच्चा भूखा है।

रामू के खेत में दस क्विंटल गेंहू पैदा हुवे।

उक्त वाक्यों में थोड़ा दूध अनिश्चयवाचक परिमाण तथा दस क्विंटल निश्चित परिमाण का बोध कराते है।

अतः परिमाणवाचक विशेषण के भी दो भेद हैं :-

(i) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण :-

निश्चित मात्रा का बोध कराने वाले विशेषण शब्द निश्चित परिमाणवाचक विशेषण कहलाते हैं।

जैसे :-

दो मीटर कपड़ा

पांच लीटर तेल
एक क्विंटल चावल इत्यादि

(ii) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण :-

निश्चित मात्रा का बोध न कराने ,अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं।

उदाहरण :-

सारा कपड़ा

ज्यादा लीटर तेल, एक मुट्ठी गेंहू, दो थैली दूध, थोड़े केले।

नोट :-

संख्यावाचक एवं परिमाणवाचक विशेषण में अंतर :-

(i) संख्यावाचक में गणना होती है जबकि परिमाण में नापा, मापा या तोला जाता हैं।

(ii) संख्यावाचक में संख्या के बाद कोई संज्ञा या सर्वनाम शब्द होता है जबकि परिमाणवाचक में संख्या के बाद नाप, माप, तौल की इकाई होती है और उसके बाद पदार्थ (जातिवाचक संज्ञा) होती हैं।

4. संकेतवाचक / सार्वनामिक विशेषण किसे कहते हैं
जो सर्वनाम शब्द संज्ञा शब्दों की ओर संकेत करते हुवे विशेषता प्रकट करते हैं। उन्हें संकेतवाचक विशेषण कहते हैं।

ये शब्द सर्वनाम के होते है तथा विशेषण की तरह प्रयुक्त होते हैं, इसलिए इन्हें सार्वनामिक विशेषण कहते हैं।

इसमें सार्वनामिक शब्दों के तुरंत बाद संज्ञा शब्द आता हैं, परंतु यह नियम उतम पुरुष, मध्यम पुरुष तथा निजवाचक सर्वनाम शब्दों पर लागू नहीं होता हैं।

सार्वनामिक विशेषण और सर्वनाम में अंतर :-

यदि इन शब्दों का प्रयोग संज्ञा या सर्वनाम शब्द से पहले हो तो यह 'सार्वनामिक विशेषण' कहलाते हैं, और यदि ये अकेले अर्थात संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त हो तो ' सर्वनाम ' कहलाते हैं।

उदाहरण :-

(i) यह मेरा घर हैं।

यहां यह सर्वनाम शब्द हैं।

(ii) यह घर मेरा हैं।

यहां यह सार्वनामिक विशेषण है और घर संज्ञा।

(iii) उसको में आज भी याद करता हैं। (निश्चय वाचक सर्वनाम)

(iv) उस देवी को मैं आज भी याद करता हूं। (सार्वनामिक विशेषण)

क्रिया

क्रिया की परिभाषा

क्रिया शब्द से कुछ करना या होना समझा जाता है।
जैसे पढ़ना, खाना, पीना और जाना आदि
दूसरे शब्दों में, क्रिया का अर्थ है कार्य करना। क्रिया शब्दों या पदों से कहा जाता है जो बताते हैं कि कुछ हो रहा है या किया जा रहा है।

क्रिया के बिना व्याकरण में कोई वाक्य पूरा नहीं होता। यह भी माना जाता है कि यह व्याकरण में विकार पैदा करता है | लिंग, वचन और पुरुष इसका रूप निर्धारित करते हैं। क्रिया प्रत्येक वाक्य में बहुत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक वाक्य में एक क्रिया होती है। किसी काम या घटना को क्रिया बताती है। समय सीमा हमें क्रिया से बताई जाती है। क्रिया का रूप हमें बताता है कि कार्य वर्तमान में हुआ है, अतीत में हुआ है या भविष्य में होगा।
क्रिया एक वाक्य में इतना महत्त्वपूर्ण है कि कर्ता या अन्य योजकों का प्रयोग न होने पर भी वाक्य का अर्थ केवल क्रिया से समझा जा सकता है;
(1) जल लाओ।
(2) चुपचाप बैठ जाएँ।
(3) शांत रहो।
(4) चले जाओ।
यही कारण है कि शब्दों से किसी कार्य को करने या होने का संकेत मिलता है, उसे "क्रिया" कहते हैं। क्रिया का निर्माण धातू से होता है। जब धातू में ना लगा दिया जाता है, तब क्रिया बनती है।
धातु –
जिस मूल रूप से क्रिया को बनाया जाता है उसे धातु कहते है। यह क्रिया का ही एक रूप होता है। धातु को क्रिया का मूल रूप कहते हैं।
जैसे –
खा + ना = खाना
पढ़ + ना = पढ़ना
जा + ना = जाना

लिख + ना = लिखना
क्रिया के भेद जानने से पहले हमें कर्ता, कर्म और क्रिया को अच्छे से समझना अति आवश्यक है।
कर्ता – काम करने वाले को कर्ता कहते हैं।
जैसे –
रमा खाना बना रही है|
सीता झाड़ू लगा रही है|
उपर्युक्त वाक्यों में रमा, सीता के द्वारा कार्य किया जा रहा है अतः रमा, और सीता कर्ता है।
कर्म – कर्ता जो काम करता है, उसे कर्म कहते हैं।
जैसे –
रमा खाना बना रही है।
उपर्युक्त वाक्य में कर्ता (रमा) के द्वारा "खाना" बनाने का कार्य किया जा रहा है, अतः कर्म है "खाना"।
कर्म को जानने के लिए हम क्रिया पर "क्या" "किसको" का प्रश्न करते है।
प्रश्न – रमा क्या बना रही है?
उत्तर – खाना (कर्म)
एक ही वाक्य में कर्ता, कर्म और क्रिया को किस तरह पहचाननेगे? उदाहरण देखिए –
वेदांत फल खाता है|
(कर्ता) (कर्म) (क्रिया)
प्रश्न- कौन फल खाता है?
उत्तर- वेदांत (कर्ता)
प्रश्न- वेदांत क्या खाता है?
उत्तर– फल (कर्म)
प्रश्न- वेदांत क्या करता है?
उत्तर- खाता है (क्रिया)
कर्म के आधार पर क्रिया के भेद
कर्म की दृष्टि से क्रिया के निम्नलिखित दो भेद होते हैं –
1. अकर्मक क्रिया
2. सकर्मक क्रिया
1. अकर्मक क्रिया
अकर्मक क्रिया का अर्थ होता है, कर्म के बिना या कर्म रहित। जिन क्रियाओं को कर्म की जरूरत नहीं पडती और क्रियाओं का फल कर्ता पर ही पड़ता है, उन्हें अकर्मक क्रिया कहते हैं।
जैसे – तैरना, कूदना, सोना, उछलना, मरना, जीना, रोना, हँसता, चलता, दौड़ता, होना, खेलना, बैठना, मरना, घटना, जागना, उछलना, कूदना आदि।
उदहारण –
(i) वह चढ़ता है।
(ii) वे हंसते हैं।
(iii) नीता खा रही है।
(iv) पक्षी उड़ रहे हैं।
(v) बच्चा रो रहा है।
2. सकर्मक क्रिया
सकर्मक का अर्थ होता है, कर्म के साथ या कर्म सहित। जिस क्रिया का प्रभाव कर्ता पर न पड़कर कर्म पर पड़ता है उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं। अथार्त जिन शब्दों की वजह से कर्म की आवश्यकता होती है उसे सकर्मक क्रिया होती है।

मैं एक किताब पढ़ रहा हूँ

वह एक नया घर बना रहा है

वह मेरे साथ खेल रही है

मैंने एक गीत गा दिया

संरचना या प्रयोग के आधार पर क्रिया के भेद

संरचना या प्रयोग के आधार पर क्रिया के भेद इस प्रकार हैं-

मुख्य क्रिया, सहायक क्रिया, संयुक्त क्रिया, नामधातु क्रिया, प्रेरणार्थक क्रिया, पूर्वकालिक क्रिया आदि।

1- मुख्य क्रिया--

क्रिया का एक अंश जो मुख्य अर्थ प्रदान करता है, उसे मुख्य क्रिया कहते हैं अथवा कर्ता या कर्म के मुख्य कार्यों को व्यक्त करने वाली क्रिया 'मुख्य क्रिया' कहलाती है।

जैसे –

1. राधा दूध लाई।

2. मोहन ने दुकान खोली।

2- सहायक क्रिया--

सहायक क्रिया उसे कहते हैं जो क्रिया पदबंध में मुख्य अर्थ न देकर उसकी सहायक हो अर्थात् मुख्य क्रिया के अलावा जो भी अंश शेष रह जाता है, उसे सहायक क्रिया कहते है।

जैसे –

1. पिताजी अख़बार पढ चुके हैं।

2. माता जी खाना बनाने लगीं।

उपर्युक्त वाक्यों में मुख्य क्रिया 'पढ़'तथा 'बनाने'के साथ 'चुकी और 'लगीं'सहायक क्रियाएँ जुड़ी हैं।

3- संयुक्त क्रिया—

जब दो या दो से अधिक क्रियाएँ आपस में मिलकर एक पूर्ण क्रिया बनाती हैं, तो उन्हें संयुक्त क्रिया कहते हैं।

मैं दिल्ली गया था।

सीता पढ़ रही है।

– उपर्युक्त पहले वाक्य मे दो क्रियाएँ है = गया + था।

– दूसरे वाक्य में तीन क्रियाएँ मिलकर = पढ़ + रही + है।

– इस प्रकार एक से अधिक क्रिया होने तथा उसका संयुक्त रूप प्रयुक्त होने के कारण ये संयुक्त क्रियाएँ है।

4- नामधातु क्रिया

संज्ञा, सर्वनाम तथा विशेषण शब्दों के अंत में प्रत्यय लगाकर जो क्रिया बनती है, उसे नामधातु क्रिया कहते हैं।

संज्ञा शब्द से –

फ़िल्म + आना = फ़िल्माना

दुख + ना = दुखना

विशेषण शब्द से –

साठ + इयाना = सठियाना

गरम + आना = गरमाना

सर्वनाम शब्द से –

अपना + आना = अपनाना

5--प्रेरणार्थक क्रिया

जहाँ कर्ता अपना कार्य स्वयं न करके किसी अन्य को कार्य करने की प्रेरणा देता है, वहाँ प्रेरणार्थक क्रिया होती है।
जैसे –
पिता ने बेटे से अख़बार मँगवाया।
मालकिन नौकरानी से सफाई करवाती है।
उपर्युक्त वाक्यों में कर्ता स्वयं अपना काम न करके किसी अन्य से कार्य करवा रहे हैं।
-प्रथम वाक्य में पिता स्वयं अखबार न लाकर बेटे से मँगवा रहे हैं।
6--पूर्वकालिक क्रिया
वह क्रिया जिसका पूरा होना दूसरी क्रिया से पूर्व पाया जाता है, उसे पूर्वकालिक क्रिया कहते हैं, अर्थात् मुख्य क्रिया से पहले होने वाली क्रिया पूर्वकालिक क्रिया कहलाती है। पूर्व आने वाली क्रिया मूल धातु के साथ 'कर' लगाकर बनती है।
जैसे –
1. गीता ने सुनकर कविता लिखी।
इस वाक्य में 'लिखी'से पहले 'सुनकर'क्रिया का प्रयोग हुआ है। अतः ये पूर्वकालिक क्रिया है।
प्रश्न-अभ्यास
1--क्रिया का मूल रूप क्या है और क्रिया के सामान्य रूप किस प्रकार बनाए जाते हैं?
2--कर्म के आधार पर क्रिया के कितने भेद होते हैं? विस्तार से लिखिए।
3-- पूर्वकालिक क्रिया TATHA प्रेरणार्थक क्रिया ME ANTAR LIKHE.

क्रिया विशेषण

क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्दों को क्रिया-विशेषण कहते हैं। निम्नलिखित वाक्यों में पदों के रूप और कार्य देखें:

- (क) लता मंगेशकर अच्छा गाती है। (रीति)
- (ख) दीपावली कल मनाई जाएगी। (समय)
- (ग) प्रकाश भी वहाँ गया है। (स्थान)
- (घ) उसे भी थोड़ा लिखने दो। (परिमाण)

ये शब्द क्रिया के होने का तरीका रीति, स्थान, समय तथा परिमाण आदि बताकर उसकी (क्रिया की) विशेषता बता रहे हैं।
क्रिया-विशेषण के भेद
क्रिया-विशेषण के चार भेद हैं:

- 1. रीतिवाचक क्रिया-विशेषण
- 2. कालवाचक क्रिया-विशेषण
- 3. स्थानवाचक क्रिया-विशेषण,
- 4. परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण

क्रिया के साथ कहाँ, कब, कैसे, कितना लगाकर प्रश्न करने पर जो अविकारी शब्द उत्तर में आते हैं, वे क्रिया-विशेषण होते हैं। जैसे:

- (क) बच्चे कहाँ खेल रहे हैं? बाहर, अंदर, ऊपर, नीचे, यहाँ, वहाँ (स्थान)।
- (ख) पिताजी कब आएँगे? आज, कल, परसों, अभी (समय)
- (ग) छात्र कैसे गाते हैं? धीरे-धीरे, अच्छी तरह, ध्यानपूर्वक (रीति)
- (घ) उसकी बहन कितना पढ़ती है? थोड़ा, ज्यादा, बहुत, काफी (परिमाण)

रीतिवाचक क्रिया-विशेषण
जिन अविकारी शब्दों (क्रिया-विशेषण) से क्रिया के होने के तरीके (रीति) का पता चलता है, उन्हें रीतिवाचक क्रिया-विशेषण कहते हैं। जैसे:
1. वे हमारी कहानी ध्यानपूर्वक सुन रहे थे।
2. माँ ने पुत्री को भली-भाँति समझा दिया था।
रीतिवाचक क्रिया-विशेषण-धीरे-धीरे, सहसा, नहीं, अतएव, तेज, जैसे, वैसे, मत, वृथा आदि।

कालवाचक क्रिया-विशेषण
विशेषण जिन क्रिया-विशेषण शब्दों से क्रिया के होने के समय का पता चलता है, उन्हें कालवाचक क्रिया विशेषण कहते हैं। जैसे:
1-नरेश अब जा चुका है।
2-माता जी अभी गई हैं।
कालवाचक क्रिया विशेषण – आज, कल, परसों, अब, जब, कब, अभी, आजकल, सदैव, रात-भर, लगातार, निरंतर ,रोज, हरदिन, प्रतिदिन, प्रतिवर्ष
स्थानवाचक क्रिया-विशेषण
क्रिया के होने का स्थान या दिशा आदि को बताने वाले क्रिया-विशेषण स्थानवाचक क्रिया-विशेषण कहलाते हैं। जैसे:
1-पिता जी अन्दर बैठे हैं।
2- बच्चे बाहर खेल रहे हैं।
स्थानवाचक क्रिया विशेषण - आस-पास, आगे, पीछे, जहाँ, तहाँ, आर-पार, ऊपर, नीचे, दाएँ, बाएँ, इधर-उधर, चारों ओर
परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण
विशेषण जो क्रिया की मात्रा, नाप-तौल बताते हैं उन्हें परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण कहते हैं। जैसे:
1-अब मैं बिलकुल थक चुका हूँ।
2- उतना खाना चाहिए जितना पच सके।
परिमाणवाचक क्रिया विशेषण - खूब, जरा, अत्यंत, अधिक, कम, जरा, थोड़ा, काफी, पर्याप्त, जितना, कितना, इतना, उतना, थोड़ा-थोड़ा, क्रम से, बारी-बारी से
विशेषण और क्रिया-विशेषण

विशेषण और क्रिया-विशेषण आपने पढ़ा है कि संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द "विशेषण" होते हैं, जबकि क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द "क्रिया विशेषण" होते हैं। एक ही शब्द को विशेषण और क्रिया-विशेषण दोनों के रूप में प्रयोग किया जाता है। आपको इस पद को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके प्रयोग के आधार पर ही पद विशेषण है या क्रिया-विशेषण है। आइए, कुछ वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उनमें अंतर करने का अभ्यास करें:

विशेषण	क्रिया-विशेषण
सीता के पास कुछ खिलौने हैं।	सीता कुछ खा रही है।
रोहन के पास बहुत पुस्तकें हैं।	रोहन बहुत खाता है।
कुछ लड़कियाँ आ रही हैं।	लड़कियाँ कुछ उदास हैं।
संदीप अच्छा लड़का है।	संदीप अच्छा गाता है।

प्रश्न-अभ्यास

1-क्रिया विशेषण से आप क्या समझते हैं?

2-विशेषण और क्रिया विशेषण में क्या अंतर है उदाहरण sahit likhiyeI

3-क्रियाविशेषण कितने प्रकार के होते हैं?

कारक

संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से वाक्य का सम्बन्ध किसी दूसरे शब्द के साथ जाना जाए, उसे कारक (Karak) कहते हैं। कारक (Karak) संज्ञा या सर्वनाम शब्दों का वह रूप होता है जिसका सीधा सम्बन्ध क्रिया से ही होता है।
वाक्य में प्रयुक्त शब्द आपस में सम्बद्ध होते हैं। क्रिया के साथ संज्ञा का सीधा सम्बन्ध ही कारक (Karak) है। कारक को प्रकट करने के लिये संज्ञा और सर्वनाम के साथ जो चिन्ह लगाये जाते हैं, उन्हें विभक्तियाँ कहते हैं।
जैसे– पेड़ पर फल लगते हैं।

कारक	विभक्तियाँ
कर्ता	ने
कर्म	को
करण	से, द्वारा
सम्प्रदान	को, के लिये, हेतु
अपादान	से (अलग होने के अर्थ में)
सम्बन्धका, की, के, रा, री, रे	
अधिकरण	में, पर
सम्बोधन	हे! अरे! ऐ! ओ! हाय!

कर्ता कारक
संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से क्रिया के करने वाले का बोध हो, उसे कर्ताKarak कहते हैं। इसका चिन्ह 'ने' कभी कर्ता के साथ लगता है, और कभी वाक्य में नहीं होता है, अर्थात लुप्त होता है। कर्ता कारक उदाहरण –

1. रमेश ने पुस्तक पढ़ी।
2. सुनील खेलता है।

कर्मकारक
संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप पर क्रिया का प्रभाव या फल पड़े, उसे कर्म कारक कहते हैं। कर्म के साथ 'को' विभक्ति आती है। इसकी यही सबसे बड़ी पहचान होती है। कभी-कभी वाक्यों में 'को' विभक्ति का लोप भी होता है। कर्म कारक के उदाहरण –

1. उसने सुनील को पढ़ाया।
2. कविता पुस्तक पढ़ रही है।

करण कारक
जिस साधन से अथवा जिसके द्वारा क्रिया पूरी की जाती है, उस संज्ञा को करण कारक कहते हैं। इसकी मुख्य पहचान 'से' अथवा 'द्वारा' है। करण कारक के उदाहरण –

- रहीम गेंद से खेलता है।
- आदमी चोर को लाठी द्वारा मारता है।

सम्प्रदान कारक

जिसके लिए क्रिया की जाती है, उसे सम्प्रदान कारक कहते हैं। इसमें कर्म कारक 'को' भी प्रयुक्त होता है, किन्तु उसका अर्थ 'के लिये' होता है। करण कारक के उदाहरण –

1. सुनील रवि के लिए गेंद लाता है।
2. माँ बच्चे को खिलौना देती है।

अपादान कारक

अपादान का अर्थ है- अलग होना। जिस संज्ञा अथवा सर्वनाम से किसी वस्तु का अलग होना मालूम चलता हो, उसे अपादान कारक कहते हैं। करण कारक की तरह अपादान कारक का चिन्ह भी 'से' है, परन्तु करण कारक में इसका अर्थ सहायता होता है और अपादान में अलग होना होता है। अपादान कारक के उदाहरण –

1. हिमालय से गंगा निकलती है।
2. आसमान से बूँदें गिरी।

सम्बन्ध कारक

संज्ञा अथवा सर्वनाम के जिस रूप से एक वस्तु का सम्बन्ध दूसरी वस्तु से जाना जाये, उसे सम्बन्ध कारक कहते हैं। इसकी मुख्य पहचान है – 'का', 'की', के। सम्बन्ध कारक के उदाहरण –

- राहुल की किताब मेज पर है।
- सुनीता का घर दूर है।

अधिकरण कारक

संज्ञा के जिस रूप से क्रिया के आधार का बोध होता है, उसे अधिकरण कारक कहते हैं। इसकी मुख्य पहचान है 'में', 'पर' होती है । अधिकरण कारक के उदाहरण –

- घोंसले में चिडिया है।
- सड़क पर गाड़ी खड़ी है।

सम्बोधन कारक

संज्ञा या जिस रूप से किसी को पुकारने तथा सावधान करने का बोध हो, उसे सम्बोधन कारक कहते हैं। इसका सम्बन्ध न क्रिया से और न किसी दूसरे शब्द से होता है। यह वाक्य से अलग रहता है। इसका कोई कारक चिन्ह भी नहीं है। सम्बोधन कारक के उदाहरण–

- रमा ! देखो कैसा सुन्दर दृश्य है।
- लड़के! जरा इधर आ।

अभ्यास प्रश्न

1-कर्म कारक और संप्रदान कारक में क्या अंतर है?
2-करण और अपादान कारक में अंतर LIKHIYE ?
3- कारक किसे कहते हैं इसके आठ भेद कौन कौन से हैं?

शब्द शुद्धि

भाषा विचारों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है और शब्द भाषा की सबसे छोटी सार्थक इकाई है। भाषा के माध्यम से ही मानव मौखिक एवं लिखित रूपों में अपने विचारों को अभिव्यक्त करता है। इस वैचारिक अभिव्यक्ति के लिए शब्दों का शुद्ध प्रयोग आवश्यक है। अन्यथा अर्थ का अनर्थ होने में भी देर नहीं लगती। कई बार क्षेत्रीयता, उच्चारण भेद और व्याकरणिक ज्ञान के अभाव के कारण वर्तनी संबंधी अशुद्धियाँ हो जाती हैं।

शुद्ध-अशुद्ध शब्दकोश
शुद्ध और अशुद्ध शब्द के शब्दकोश नीचे दिए गए हैं-

अशुद्ध शब्द	शुद्ध शब्द
अंगुर	अंगूर
अकांक्षा	आकांक्षा
अतिथी	अतिथि
अत्मा	आत्मा
सुर्य	सूर्य
शांती	शांति
लड़ायी	लड़ाई
मुनी	मुनि
पोधा	पौधा
पत्नि	पत्नी
देस	देश
दवाइ	दवाई
तिथी	तिथि
ठिक	ठीक
जरुरी	जरूरी

वाक्य शुद्धि

वाक्य शुद्धि (Vakya shuddhi kya hai hindi mein) उसे कहते है, जिसमें वाक्य की अशुद्धि को दूर करके उसे शुद्ध रूप में लिखा जाता हो।

उदाहरण-

अशुद्ध- यह कैसे संभव हो सकता है?

शुद्ध- यह कैसे संभव है?

अशुद्ध- तुम वापस लौट जाओ।

शुद्ध- तुम वापस जाओ।

अशुद्ध वाक्यों के शुद्ध वाक्य

अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य
वचन-संबंधी अशुद्धियाँ	
पाकिस्तान ने गोले और तोपों से आक्रमण किया।	पाकिस्तान ने गोलों और तोपों से आक्रमण किया।
उसने अनेकों ग्रंथ लिखे।	उसने अनेक ग्रंथ लिखे।
महाभारत अठारह दिनों तक चलता रहा।	महाभारत अठारह दिन तक चलता रहा।
तेरी बात सुनते-सुनते कान पक गए।	तेरी बातें सुनते-सुनते कान पक गए।
पेड़ों पर तोता बैठा है।	पेड़ पर तोता बैठा है।
लिंग संबंधी अशुद्धियाँ	
उसने संतोष का साँस ली।	उसने संतोष की साँस ली।
सविता ने जोर से हँस दिया।	सविता जोर से हँस दी।
मुझे बहुत आनंद आती है।	मुझे बहुत आनंद आता है।
वह धीमी स्वर में बोला।	वह धीमे स्वर में बोला।
राम और सीता वन को गई।	राम और सीता वन को गए।
विभक्ति-संबंधी अशुद्धियाँ	
मैं यह काम नहीं किया हूँ।	मैंने यह काम नहीं किया है।
मैं पुस्तक को पढ़ता हूँ।	मैं पुस्तक पढ़ता हूँ।
हमने इस विषय को विचार किया।	हमने इस विषय पर विचार किया
आठ बजने को दस मिनट है।	आठ बजने में दस मिनट है।
वह देर में सोकर उठता है।	वह देर से सोकर उठता है।
संज्ञा संबंधी अशुद्धियाँ	
मैं रविवार के दिन तुम्हारे घर आऊँगा।	मैं रविवार को तुम्हारे घर आऊँगा।
कुत्ता रेंकता है।	कुत्ता भौंकता है।
मुझे सफल होने की निराशा है।	मुझे सफल होने की आशा नहीं है।
गले में गुलामी की बेड़ियाँ पड़ गई।	पैरों में गुलामी की बेड़ियाँ पड़ गई।
सर्वनाम की अशुद्धियाँ	
गीता आई और कहा।	गीता आई और उसने कहा।
मैंने तेरे को कितना समझाया।	मैंने तुझे कितना समझाया।
वह क्या जाने कि मैं कैसे जीवित हूँ।	वह क्या जाने कि मैं कैसे जी रहा हूँ।
विशेषण-संबंधी अशुद्धियाँ	
किसी और लड़के को बुलाओ।	किसी दूसरे लड़के को बुलाओ।
सिंह बड़ा बीभत्स होता है।	सिंह बड़ा भयानक होता है।
उसे भारी दु:ख हुआ।	उसे बहुत दु:ख हुआ।
सब लोग अपना काम करो।	सब लोग अपना-अपना काम करो।
क्रिया-संबंधी अशुद्धियाँ	
क्या यह संभव हो सकता है ?	क्या यह संभव है ?

मैं दर्शन देने आया था।	मैं दर्शन करने आया था।
वह पढ़ना माँगता है।	वह पढ़ना चाहता है।
बस तुम इतने रूठ उठे बस	तुम इतने में रूठ गए।
तुम क्या काम करता है ?	तुम क्या काम करते हो ?

मुहावरे-संबंधी अशुद्धियाँ

युग की माँग का यह बीड़ा कौन चबाता है।	युग की माँग का यह बीड़ा कौन उठाता है।
वह श्याम पर बरस गया।	वह श्याम पर बरस पड़ा।
उसकी अक्ल चक्कर खा गई।	उसकी अक्ल चकरा गई।
उस पर घड़ों पानी गिर गया।	उस पर घड़ों पानी पड़ गया।

क्रिया-विशेषण-संबंधी अशुद्धियाँ

वह लगभग दौड़ रहा था।	वह दौड़ रहा था।
सारी रात भर मैं जागता रहा।	मैं सारी रात जागता रहा।
तुम बड़ा आगे बढ़ गया।	तुम बहुत आगे बढ़ गए।
इस पर्वतीय क्षेत्र में सर्वस्व शांति है।	इस पर्वतीय क्षेत्र में सर्वत्र शांति है।

वाक्य रचना

वाक्य की परिभाषा -वह शब्द समूह जिससे पूरी बात समझ में आ जाये, 'वाक्य' कहलाता है।

सरल शब्दों में- सार्थक शब्दों का व्यवस्थित समूह जिससे अपेक्षित अर्थ प्रकट हो, वाक्य कहलाता है।
जैसे- विजय खेल रहा है, बालिका नाच रही है।

वाक्य के भाग
वाक्य के दो भेद होते है-

(i) उद्देश्य (Subject)

(ii) विद्येय (Predicate)

(i) उद्देश्य (Subject) :- वाक्य में जिसके विषय में कुछ कहा जाये उसे उद्देश्य कहते हैं।

सरल शब्दों में- जिसके बारे में कुछ बताया जाता है, उसे उद्देश्य कहते हैं।

जैसे- पूनम किताब पढ़ती है।

सचिन दौड़ता है।

उद्देश्य के भाग

उद्देश्य के दो भाग होते है-

(i) कर्ता

(ii) कर्ता का विशेषण या कर्ता से संबंधित शब्द

(ii) विद्येय (Predicate):- उद्देश्य के विषय में जो कुछ कहा जाता है, उसे विद्येय कहते है।

जैसे- पूनम किताब पढ़ती है।

दूसरे शब्दों में- वाक्य के कर्ता (उद्देश्य) को अलग करने के बाद वाक्य में जो कुछ भी शेष रह जाता है, वह विधेय कहलाता है। इसके अंतर्गत विधेय का विस्तार आता है।

जैसे- लंबे-लंबे बालों वाली लड़की अभी-अभी एक बच्चे के साथ दौड़ते हुए उधर गई।
विधेय के भाग- विधेय के छ: भाग होते है-

(i) क्रिया
(ii) क्रिया के विशेषण
(iii) कर्म
(iv) कर्म के विशेषण या कर्म से संबंधित शब्द
(v) पूरक
(vi)पूरक के विशेषण

वाक्य भेद

वाक्य अनेक प्रकार के हो सकते हैं। उनका विभाजन हम दो आधारों पर कर सकते हैं।

अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद

अर्थ के आधार पर वाक्य के निम्नलिखित आठ भेद हैं।

विधानवाचक

जिन वाक्यों में क्रिया के करने या होने की सूचना मिले, उन्हें विधानवाचक वाक्य कहते हैं; जैसे- मैंने दूध पिया। वर्षा हो रही है।

निषेधवाचक

जिन वाक्यों से कार्य न होने का भाव प्रकट होता है, उन्हें निषेधवाचक वाक्य कहते हैं; जैसे- मैंने दूध नहीं पिया। मैंने खाना नहीं खाया।

आज्ञावाचक

जिन वाक्यों में आज्ञा, प्रार्थना, उपदेश आदि का ज्ञान होता है, उन्हें आज्ञावाचक वाक्य कहते हैं; जैसे- बाज़ार जाकर फल ले आओ। बड़ों का सम्मान करो।

प्रश्नवाचक

जिन वाक्यों से किसी प्रकार का प्रश्न पूछने का ज्ञान होता है, उन्हें प्रश्नवाचक वाक्य कहते हैं; जैसे- सीता तुम कहाँ से आ रही हो? तुम क्या पढ़ रहे हो?

इच्छावाचक

जिन वाक्यों से इच्छा आशीष एवं शुभकामना आदि का ज्ञान होता है, उन्हें इच्छावाचक वाक्य कहते हैं; जैसे- तुम्हारा कल्याण हो। भगवान तुम्हें लंबी उमर दे।

संदेहवाचक

जिन वाक्यों से संदेह या संभावना व्यक्त होती है, उन्हें संदेहवाचक वाक्य कहते हैं; जैसे- शायद शाम को वर्षा हो जाए। वह आ रहा होगा, पर हमें क्या मालूम। हो सकता है राजेश आ जाए।

विस्मयवाचक

जिन वाक्यों से आश्चर्य, घृणा, क्रोध शोक आदि भावों की अभिव्यक्ति होती है, उन्हें विस्मयवाचक वाक्य कहते हैं; जैसे- वाह-कितना सुंदर दृश्य है। उसके माता-पिता दोनों ही चल बसे। शाबाश तुमने बहुत अच्छा काम किया।

संकेतवाचक

जिन वाक्यों में एक क्रिया का होना दूसरी क्रिया पर निर्भर होता है। उन्हें संकेतवाचक वाक्य कहते हैं; जैसे- यदि परिश्रम करोगे तो अवश्य सफल होंगे। पिताजी अभी आते तो अच्छा होता। अगर वर्षा होगी तो फ़सल भी होगी।

रचना के आधार पर वाक्य के भेद

रचना के आधार पर वाक्य के निम्नलिखित तीन भेद होते हैं-

सरल वाक्य/साधारण वाक्य

जिन वाक्यों में केवल एक ही उद्देश्य और एक ही विधेय होता है, उन्हें सरल वाक्य या साधारण वाक्य कहते हैं, इन वाक्यों में एक ही क्रिया होती है; जैसे- मुकेश पढ़ता है। राकेश ने भोजन किया। इसमें कर्ता के साथ उसके विस्तारक विशेषण और क्रिया के साथ विस्तारक सहित कर्म एवं क्रिया-विशेषण आ सकते हैं। जैसे-अच्छा बच्चा मीठा दूध अच्छी तरह पीता है। यह भी साधारण वाक्य है।

संयुक्त वाक्य

दो अथवा दो से अधिक साधारण वाक्य जब सामानाधिकरण समुच्चयबोधकों जैसे- (पर, किन्तु, और, या आदि) से जुड़े होते हैं, तो वे संयुक्त वाक्य कहलाते हैं। ये चार प्रकार के होते हैं।

1. संयोजक- जब एक साधारण वाक्य दूसरे साधारण या मिश्रित वाक्य से संयोजक अव्यय द्वारा जुड़ा होता है। जैसे-गीता गई और सीता आई।
2. विभाजक- जब साधारण अथवा मिश्र वाक्यों का परस्पर भेद या विरोध का संबंध रहता है। जैसे- वह मेहनत तो बहुत करता है पर फल नहीं मिलता।
3. विकल्पसूचक- जब दो बातों में से किसी एक को स्वीकार करना होता है। जैसे- या तो उसे मैं अखाड़े में पछाड़ूँगा या अखाड़े में उतरना ही छोड़ दूँगा।
4. परिणामबोधक- जब एक साधारण वाक्य दसूरे साधारण या मिश्रित वाक्य का परिणाम होता है। जैसे- आज मुझे बहुत काम है इसलिए मैं तुम्हारे पास नहीं आ सकूँगा।

मिश्रित/मिश्र वाक्य

जिन वाक्यों में एक मुख्य या प्रधान वाक्य हो और अन्य आश्रित उपवाक्य हों, उन्हें मिश्रित वाक्य कहते हैं। इनमें एक मुख्य उद्देश्य और मुख्य विधेय के अलावा एक से अधिक समापिका क्रियाएँ होती हैं, जैसे- ज्यों ही उसने दवा पी, वह सो गया। यदि परिश्रम करोगे तो, उत्तीर्ण हो जाओगे। मैं जानता हूँ कि तुम्हारे अक्षर अच्छे नहीं बनते।

विशेष-

1. इन वाक्यों में एक मुख्य या प्रधान उपवाक्य और एक अथवा अधिक आश्रित उपवाक्य होते हैं जो समुच्चयबोधक अव्यय से जुड़े होते हैं।
2. मुख्य उपवाक्य की पुष्टि, समर्थन, स्पष्टता अथवा विस्तार हेतु ही आश्रित वाक्य आते है।

आश्रित वाक्य तीन प्रकार के होते हैं-

1. संज्ञा उपवाक्य।
2. विशेषण उपवाक्य।
3. क्रिया-विशेषण उपवाक्य।

1. संज्ञा उपवाक्य- जब आश्रित उपवाक्य किसी संज्ञा अथवा सर्वनाम के स्थान पर आता है तब वह संज्ञा उपवाक्य कहलाता है। जैसे- वह चाहता है कि मैं यहाँ कभी न आऊँ। यहाँ कि मैं कभी न आऊँ, यह संज्ञा उपवाक्य है।
2. विशेषण उपवाक्य- जो आश्रित उपवाक्य मुख्य उपवाक्य की संज्ञा शब्द अथवा सर्वनाम शब्द की विशेषता बतलाता है वह विशेषण उपवाक्य कहलाता है। जैसे- जो घड़ी मेज पर रखी है वह मुझे पुरस्कारस्वरूप मिली है। यहाँ जो घड़ी मेज पर रखी है यह विशेषण उपवाक्य है।
3. क्रिया-विशेषण उपवाक्य- जब आश्रित उपवाक्य प्रधान उपवाक्य की क्रिया की विशेषता बतलाता है तब वह क्रिया-विशेषण उपवाक्य कहलाता है। जैसे- जब वह मेरे पास आया तब मैं सो रहा था। यहाँ पर जब वह मेरे पास आया यह क्रिया-विशेषण उपवाक्य है।[1]

इकाई 2
साहित्यिक खण्ड

शिक्षणअधिगम –
साहित्यिकरचनाएँपढ़करहिंदीभाषामेंअनेकलाभहोतेहैं।इससेभाषाकासमझऔरव्याकरणमेंसुधारहोताहै
,
साथहीभावनात्मकसमझभीविकसितहोतीहै।साहित्यिकरचनाओंकेमाध्यमसेहमविभिन्नविचारोंऔरदृ
ष्टिकोणोंकोसमझपातेहैं, जोहमारेसोचनेऔरसमझनेकीक्षमताकोबढ़ाताहै।इसकेअलावा,
येरचनाएँहमेंहिंदीसाहित्यऔरसांस्कृतिकविरासतसेभीपरिचितकरातीहैं,
जिससेहमारीसांस्कृतिकपहचानमजबूतहोतीहै।

निराला'
निरालाकाजन्मबंगालमेंमेदिनीपुरजिलेकेमहिषादलगाँवमेंहुआथा।उनकापितृग्रामउत्तरप्रदेशकागढ़को
ला (उन्नाव)
है।उनकेबचपनकानामसूर्यकुमारथा।बहुतछोटीआयुमेंहीउनकीमाँकानिधनहोगया।निरालाकीविधिवत
स्कूलीशिक्षानवींकक्षातकहीहुई।पत्नीकीप्रेरणासेनिरालाकीसाहित्यऔरसंगीतमेंरुचिपैदाहुई।सन् 1918
मेंउनकीपत्नीकादेहांतहोगयाऔरउसकेबादपिता, चाचा, चचेरेभाईएक-
एककरसबचलबसे।अंतमेंपुत्रीसरोजकीमृत्युनेनिरालाकोभीतरतकझकझोरदिया।अपनेजीवनमेंनिराला
नेमृत्युकाजैसासाक्षात्कारकियाथाउसकीअभिव्यक्तिउनकीकईकविताओंमेंदिखाईदेतीहै।
सन् 1916
मेंउन्होंनेप्रसिद्धकविताजूहीकीकलीलिखीजिससेबादमेंउनकोबहुतप्रसिद्धिमिलीऔरवेमुक्तछंदकेप्रवर्तक
भीमानेगए।निरालासन् 1922 मेंरामकृष्णमिशनद्वाराप्रकाशितपत्रिकासमन्वयकेसंपादनसेजुड़े।सन्
1923-24
मेंवेमतवालाकेसंपादकमंडलमेंशामिलहुए।वेजीवनभरपारिवारिकऔरआर्थिककष्टोंसेजूझतेरहे।अपने
स्वाभिमानीस्वभावकेकारणनिरालाकहींटिककरकामनहींकरपाए।अंतमेंइलाहाबादआकररहेऔरवहींउ
नकादेहांतहुआ।
छायावादऔरहिंदीकीस्वच्छंदतावादीकविताकेप्रमुखआधारस्तंभनिरालाकाकाव्य-
संसारबहुतव्यापकहै।उनमेंभारतीयइतिहास,
